Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to set up a National School of Drama in Gorakhpur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री रवि किशन (गोरखपुर): अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र गोरखपुर पूर्वांचल का प्रमुख शहर है जो उत्तराखंड, बिहार एवं झारखंड के करीब है । गोरखपुर की युवा पीढ़ी जो कला के प्रति जागरुक है और कला के क्षेत्र में अपना मुकाम बनाना चाहती है, लेकिन यहां की युवा प्रतिभा स्थानीय स्तर पर कोई प्रशिक्षण प्राप्त करने में असमर्थ है । प्रदेश स्तर पर कई रंगमंच हैं जो स्थानीय कलाकारों को प्रोत्साहित एवं प्रशिक्षित करती हैं । यू.पी. एवं बिहार तथा झारखंड की करोड़ों लोगों की आबादी है जिसमें लगभग 50 लाख युवा कला एवं साहित्य के प्रति रूचि रखते हैं । परन्तु कला को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय स्तर पर कोई संस्थान नहीं होने के कारण युवा पीढ़ी को सही मार्गदर्शन नहीं मिल पा रहा है । महोदय, अगर राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय की स्थापना मेरे संसदीय क्षेत्र गोरखपुर में हो जाएगी तो स्थानीय युवाओं तथा पूर्वांचल के अन्य जिले, इसके साथ ही बिहार तथा झारखंड राज्य के युवा भी कला एवं साहित्य के गुण इस संस्थान से प्राप्त कर सकते हैं । अभी इस तरह के प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए दिल्ली एवं पुणे जाना पड़ता है ।

अत: मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध करता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र गोरखपुर में एक एन.एस.डी. (राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय) की स्थापना की जाए जिससे यहां के युवाओं को लाभ हो सके ।